आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर क्रीक क्षेत्र को लेकर पाकिस्तान को चेताया। कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लेह से सर क्रीक तक भारत की रक्षा प्रणाली को भेदने में नाकाम रहा पाकिस्तान।
- प्रदेश भर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजयादशमी का पर्व। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में निकाली गयी पारम्परिक विजय शोभा यात्रा।
- विजयादशमी पर उत्तराखण्ड के चारों धाम के कपाट बंद करने की तिथियों की हुई घोषणा। तेईस अक्टूबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएगा केदारनाथ मंदिर।
- पद्म विभूषण और बनारस घराने के सुविख्यात शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र पंचतत्व में विलीन। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुआ अंतिम संस्कार।

**********

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सर क्रीक क्षेत्र में उसके किसी भी दुस्साहस का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। भुज सैन्य अड्डे पर शस्त्र पूजन समारोह के बाद सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कल कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान लेह से सर क्रीक तक भारत की रक्षा प्रणाली को भेदने में नाकाम रहा। वहीं, भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाही में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली की पूरी तरह से पोल खोल दी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। 'सेवा पर्व' से जुड़ी इस विशेष श्रृंखला – में प्रस्तुत है ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक रिपोर्ट–

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक क्षितिज पर भारत की बदलती तस्वीर का प्रतीक है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द...**

**'22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला निर्धारित लक्ष्य के साथ हमारी सेना ने ले लिया।**

**जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने छह और सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की और पाकिस्तान एवं पीओके स्थित नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए। इस दौरान स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस सिस्टम और ब्रह्मोस मिसाइल ने इस ऑपरेशन में बेमिसाल प्रदर्शन तो किया ही इसके अलावा स्वदेशी ड्रोन और एआई–आधारित सिस्टम ने भी क्षमता का प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की तैयारी और बहादुरी की चर्चा पूरी दुनिया में है। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नेस्तनाबूत कर देना और उसके बड़े ठिकानों को निशाना बनाना, भारत की सैन्य क्षमता का बड़ा सबूत है। आतंकी के हाथों मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की पत्नी ने इसके लिए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री का यूं धन्यवाद किया।'**

**'मैं धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मेरे पति की मौत का बदला लिया है।**

**ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की सैन्य और तकनीकी शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि न्याय के एक नए रूप का भी परिचय दिया।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस सत्रह सितम्बर से शुरू हुए सेवा पर्व का कल समापन हो गया। इस दौरान प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा के तहत विविध सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की गईं।

**********

विजयादशमी का पर्व कल प्रदेश भर में श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में धूम–धाम से मनाया गया। इस अवसर पर बुराई, अन्याय, असत्य और अनाचार के प्रतीक रावण, कुम्भकरण और मेघनाथ का पुतला जलाया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित रामलीलाओं में रावण वध का मंचन किया गया। विजयादशमी पर गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की पारम्परिक शोभायात्रा आस्था और उल्लास के साथ निकाली गई। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली यह शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर होते हुए रामलीला मैदान पहुंची, जहां श्री योगी ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण के प्रतीक स्वरूपों का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को पर्व की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम में धर्म के सभी आग्रह मौजूद हैं। धर्म का साक्षात रूप होने के कारण वह देशवासियों के रोम–रोम में बसे हुए हैं। यही कारण है कि आज भी रामकथा सबके लिए प्रेरणादायी है।

**********

प्रदेश भर में माँ दुर्गा की विधिवत पूजा–अर्चना और आरती के बाद उनकी प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार कल से शुरू हो गया। राजभवन में विसर्जन समारोह राजभवन परिसर स्थित गौशाला के पास पारंपरिक रीति–रिवाजों के अनुसार आयोजित हुआ, जहाँ श्रद्धालुओं ने ढोल–नगाड़ों की गूंज और भक्तिमय गीतों के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा को भावभीनी विदाई दी। मूर्ति विसर्जन के लिए पूरे प्रदेश में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ– आरएसएस द्वारा राष्ट्र की समर्पित सेवा के सौ वर्ष पूरे होने पर उसकी सराहना की। एक रिपोर्ट–

**सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के प्रेरक संबोधन का अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में संघ की महत्वपूर्ण भूमिका और भारत के सभ्यतागत मूल्यों के पोषण के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना से दीप्त यह संगठन करोड़ों भारतीयों के लिये प्रेरणा का स्रोत है। इस बीच, संघ द्वारा विजयादशमी पर्व पर कल अयोध्या सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता**

**********

विजयादशमी के अवसर पर कल उत्तराखंड के चारों धाम के कपाट बंद होने की तिथियों की घोषणा कर दी गई। इस वर्ष केदारनाथ मंदिर तेईस अक्टूबर को और बद्रीनाथ धाम पचीस  नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो जाएगा।

**श्री बद्री–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज के पावन पर्व श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ के लिए बंद किए जाएंगे। 25 नवम्बर दोपहर दो बजकर 56 मिनट पर जो है भगवान बद्रीनाथ जी के कपाट बंद होंगे और 23 अक्तूबर को भगवान केदारनाथ जी के कपाट बंद होंगे। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्तूबर को और यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। कपाट बंद होने के बाद श्रद्धालु अगले छह माह मां गंगोत्री के मुखवा और यमुनोत्री के खरसाली में दर्शन और पूजा–अर्चना कर सकेंगे। साक्षी सिंह, आकाशवाणी समाचार देहरादून।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी बचत उत्सव पिछले महीने की बाइस तारीख को शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत 7 हजार 500 रूपए प्रतिदिन से कम कीमत वाले होटल के कमरों पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए, हस्तशिल्प और मूर्तियों पर जीएसटी को 5 प्रतिशत कर दिया गया है। 10 से ज्यादा लोगों की बैठने की क्षमता वाली बसों पर भी टैक्स को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे यातायात और प्रदूषण कम होगा। सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

पद्म विभूषण से सम्मानित, बनारस घराने के सुविख्यात शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र का कल सुबह मिर्जापुर में निधन हो गया। वह नवासी वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। कल ही देर शाम वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में लिखा कि प्रख्यात शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र ने शास्त्रीय संगीत को जनसामान्य तक पहुंचाने के साथ–साथ भारतीय परम्परा को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में भी अमूल्य योगदान दिया।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आसमान में बादल छाये हुए हैं और वर्षा की वायुमंडलीय परिस्थियां बनी हुई हैं। मौसम में इस बदलाव के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। ठंड के मौसम की दस्तक महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

**********